# IB Security Assistant Paper 2013

1. यदि 10 में से x घटा दिया जाए और प्राप्त अंतर में 2 का भाग दे दिया जाए, तो परिणाम 3 होता है। x का मान ज्ञात करें?

   A. 3 B. 4
   C. 5 D. 16

उत्तर. B.

हल. प्रश्नानुसार-

$\frac{1}{2}(10-x)=3$

10-x=6

X=4

2. 20% की छूट के बाद 100 रुपये में एक ड्रेस बेंची गई। वास्तविक विक्रय मूल्य ज्ञात करें?

   A. 150 रुपये B. 125 रुपये
   C. 120 रुपये D. 80 रुपये

उत्तर. B.

हल.

माना मूल्य x रुपये है

तब, $X \times \frac{80}{100} = 100$

X=125 रुपये

3. यदि दो संख्याओं का योगफल उनके अंतर का 4 गुना हो, तो संख्याएं ज्ञात करें?

   A. 5, 3 B. 6, 2
   C. 8, 0 D. 7, 1

उत्तर. A.

हल.

माना संख्याएं 'a' और 'b' हैं।

तब, a+b=4(a-b)

a+b=4a-4b

3a=5b

$\frac{a}{b} = \frac{5}{3}$

4. हल करें: 6 – 3 (6 – 3) = ?

   A. 3 B. – 3
   C. 0 D. 9

उत्तर. B.

हल.

?=6-3×3

?=6-9

?=-3

5. हल करें: $10^3 \times (5 \times 2)^{-3}$ =?

   A. 1 B. 0
   C. $10^6$ D. $(5 \times 2)^{-3}$

उत्तर. A.

हल.

$\Rightarrow 10^3 \times 10^{-3}$

$\Rightarrow \frac{1000}{1000} = 1$

6. निम्नलिखित में से कौन सी एक समकोण त्रिभुज की भुजाएं नहीं हैं?

   A. 3, 4, 5 B. 12, 5, 13
   C. 4, 4, 4√2 D. 4, 5, 6

उत्तर. D.

हल.

किसी समकोण त्रिभुज में, कर्ण (समकोण की सम्मुख भुजा) का वर्ग शेष दो भुजाओं (वे भुजाएं जो समकोण पर मिलती हैं) के वर्गों के योग के बराबर होता है **(पाइथागोरस प्रमेय)। विकल्प (A),(B),(C) इस एक त्रिक का निर्माण करते हैं, जबकि विकल्प (D) त्रिक का निर्माण नहीं करता है।** विकल्पों के अनुसार, विकल्प (D) दी गई शर्त का पालन नहीं करता है।

7. 1 से 59 तक की सभी संख्याओं का योगफल ज्ञात करें:

A. 1770 B. 1590

C. 1950 D. 1750

उत्तर. A.

हल.

हम जानते हैं कि,

प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं का योगफल=$\frac{n(n+1)}{2}$

अत:, n=59

इसलिए, अभीष्ट योगफल= $59 \times \frac{60}{2}$

= 1770

8. श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी:


5, 8, 14, 26, 50 ______

A. 96 B. 68

C. 70 D. 98

उत्तर. D.

हल.




9. दिए गए विकल्पों की सहायता से संबंधित शब्द का चयन करें– पुस्तक: बुकर :: फिल्म: ________

A. अभिनेता B. ऑस्कर

C. थिएटर D. निर्देशक

उत्तर. B.

व्याख्या.

जिस प्रकार **मैन बुकर** अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए दिया जाने वाला पुरस्कार है, उसी प्रकार **ऑस्कर** सिनेमा में उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है।


10. A, B से अधिक और C से कम कमाता है। D, A और C से अधिक कमाता है। E, B से अधिक कमाता है। सबसे कम कौन कमाता है?

A. A B. B

C. C D. D

उत्तर. B.

हल.




E का स्थान A, C और D के बीच में है, यह कथन में नहीं दिया गया है लेकिन E, B से अधिक कमाता है, और A, C और E के बीच में B सबसे कम कमाता है, इसलिए B सबसे कम कमाता है।

11. भारत और चीन के बीच की सीमा को अलग करने वाली रेखा:

A. डूरंड रेखा

B. रेडक्लिफ रेखा

C. मैकमोहन रेखा

D. स्ट्रैटफोर्ड रेखा

उत्तर. C.

व्याख्या.

मैकमोहन रेखा- भारत और चीन के बीच सीमा निर्धारित करने वाली रेखा।

डूरंड रेखा – अफगानिस्तान और भारत के बीच सीमा।

रेडक्लिफ रेखा – भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा का निर्धारण करने वाली रेखा।

स्ट्रैटफोर्ड– ओकाहुकुरा लाइन (SOL) 15 मध्यवर्ती स्टेशनों के साथ मार्टन-प्लाईमाउथ लाइन और नॉर्थ आइलैंड

मेन ट्रंक रेलवे के बीच न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में एक माध्यमिक रेलवे लाइन है।

12. 'मिश्रित कृषि' क्या है?

A. रबी के साथ-साथ खरीफ की फसलें उगाना

B. अनेक फसलें उगाना

C. अनेक फसलें उगाना और मवेशियों की बढ़ोत्तर

D. गन्ने के साथ-साथ अनाज उगाना

उत्तर. C.

व्याख्या.

मिश्रित खेती को उस कृषि व्यवस्था के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें फसलों के बढ़ने के साथ-साथ मवेशियों का विकास भी शामिल है।

13. राजस्थान में 'खेतड़ी प्रॉजेक्ट' किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है:

| | |
|---|---|
| A. जिंक | B. स्टील |
| C. कॉपर | D. एल्यूमीनियम |

उत्तर. C.

व्याख्या. राजस्थान में 'खेतड़ी प्रॉजेक्ट' कॉपर के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। राजस्थान में खेतड़ी नगर अपने कॉपर प्रॉजेक्ट के लिए प्रसिद्ध है, इसका निर्माण भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा किया गया था।

14. स्वतंत्रता सेनानियों के बीच 'पंजाब केसरी' के नाम से किन्हें जाना जाता है?

A. भगत सिंह

B. लाला लाजपत राय

C. चंद्र शेखर आजाद

D. लाला हरदयाल

उत्तर. B.

हल. लाला लाजपत राय (1865-1928) पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने भारत की आजादी के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पंजाब राष्ट्रीय बैंक की स्थापना की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह लाल-बाल-पाल तिकड़ी का हिस्सा थे।

15. धर्म के अष्टांग मार्ग किसके द्वारा निर्धारित किए गए थे:

A. कबीरदास

B. बुद्ध

C. शंकराचार्य

D. महावीर

उत्तर. B.

व्याख्या. धर्म के अष्टांग मार्ग बुद्ध ने अपने अनुयायियों के लिए निर्धारित किए थ। उन्होंने यह भी कहा कि इस मार्ग से अनुयायी अपने दुखों का अंत कर सकते हैं। अष्टांग मार्ग इस प्रकार हैं:

- सम्यक दृष्टि
- सम्यक संकल्प
- सम्यक वाक
- सम्यक कर्म
- सम्यक जीविका
- सम्यक प्रयास
- सम्यक स्मृति
- सम्यक समाधि

16. हल्दी पौधे के किस भाग से प्राप्त होती है?

| | |
|---|---|
| A. जड़ | B. फल |
| C. बीज | D. तना |

उत्तर. D.

व्याख्या.

**हल्दी** (*कुरकुमा लोंगा*) **भूमिगत तने या राइजोम से प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है।**

17. 'भारत रत्न' अब तक केवल दो विदेशी नागरिकों को दिया गया है। उनमें से एक नेल्सन मंडेला, और दूसरे:
    A. अब्दुल वली खान
    B. मिखिल गोर्बाचेव
    C. खान अब्दुल गफ्फार खान
    D. मार्शल टीटो

उत्तर. C.

व्याख्या. भारत रत्न भारतीय गणतंत्र का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह वर्ष 1954 में स्थापित किया गया था। यह सर्वोच्च असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में दिया गया है। यह अब तक दो विदेशियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है:-
खान अब्दुल गफ्फार खान (1987)
नेल्सन मंडेला (1990)

18. तानसेन सम्मान किस सरकार द्वारा स्थापित किया गया?
    A. महाराष्ट्र
    B. गुजरात
    C. मध्य प्रदेश
    D. उत्तर प्रदेश

उत्तर. C.

व्याख्या. तानसेन सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ग्वालियर जिले में स्थापित किया गया है। यह हर वर्ष दिसंबर के महीने में भारतीय संगीतकार तानसेन को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इस 4 दिवसीय संगीत समारोह में दुनिया भर के संगीतकार एकत्र होते हैं।

19. भौतिकी में नोबल पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र भारतीय:
    A. डॉ. विक्रम साराभाई
    B. डॉ. जे.सी. बोस
    C. डॉ. एच.जे. भाभा
    D. डॉ. सी.वी. रमन

उत्तर. D.

व्याख्या**.** डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन **'प्रकाश के प्रकीर्णन'** पर शोध और **'रमन प्रभाव'** की खोज के लिए वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबल पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं।

20. भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर है:
    A. कंचनजंगा
    B. माउंट एवरेस्ट
    C. के 2
    D. नंगा पर्वत

उत्तर. A.

व्याख्या**. कंचनजंगा** भारत की सबसे ऊंची और दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी पर्वत चोटी है। यह महान हिमालय पर्वत में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। इसकी ऊंचाई 8586 मीटर है।
**माउंट एवरेस्ट** (8848 मी), जो तिब्बत और नेपाल की सीमा पर स्थित है, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है।
के2 या माउंट गॉडविन ऑस्टिन की ऊंचाई 8,611 मीटर है और यह दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा पर्वत है।
8,126 मीटर ऊंचा नंगा पर्वत पाकिस्तान का दूसरा सबसे ऊंचा पर्वत है।

21. प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेत्री जिनका वर्ष 2014 में 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया:

A. जोहरा सहगल

B. जिया खान

C. नंदा

D. सुचित्रा सेन

उत्तर. A.

व्याख्या. अनुभवी अभिनेत्री और थिएटर कलाकार जोहरा सहगल का 10 जुलाई, 2014 को 102 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

22. भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जिन्हें केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया:

A. के.जी. बालाकृष्णन

B. पी. सतशिवम

C. आर.एम. लोढ़ा

D. एम.एन.आर. वेंकटचलैया

उत्तर. B.

व्याख्या. पी. सतशिवम को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे। उन्होंने शीला दीक्षित की जगह ली।

23. दोनों ओर दिए गए प्रत्येक युग्म के बीच एक निश्चित संबंध है। संबंध को पहचानें और विकल्पों से लुप्त शब्द ज्ञात करें:

PALE : LEAP : : POSH : ______

A. HSOP B. POHS

C. SHOP D. PSOH

उत्तर. C.

हल.




24. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा प्रदान किया जाता है?

A. इसरो

B. विज्ञान एवं औद्योगिकी अनुसंधान परिषद

C. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

D. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी

उत्तर. B.

व्याख्या. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार CSIR या विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदान किया जाता है।

यह पहली बार 1958 में प्रदान किया गया था।

यह एक बहु-विषयक विज्ञान पुरस्कार है और यह जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और अन्य विज्ञानों में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट अनुसंधान, व्यावहारिक या मूलभूत सिद्धांतों के लिए दिया जाता है।

25. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र जो पिछले वर्ष (2013) शुरु किया गया था, भारत सरकार और किस देश के बीच एक समझौते के बाद बनाया गया था?

A. फ्रांस B. रूस

C. अमेरिका D. यू.के.

उत्तर. B.

व्याख्या. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र जो पिछले वर्ष (2013) शुरु किया गया था, भारत सरकार और रूस के बीच एक समझौते के बाद बनाया गया था।

- यह तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में स्थित है।

- यह भारत के परमाणु ऊर्जा निगम द्वारा विकसित किया गया है।

26. उस भारतीय राजनयिक का नाम बताएं, जिस पर भारत और अमेरिका के बीच राजनयिक गतिरोध के लिए 'वीजा धोखाधड़ी' का आरोप लगाया गया था?
    A. आकाश सिंह राठौर
    B. देवयानी खोबरागड़े
    C. संगीता रिचर्ड
    D. प्रीत भरारा

उत्तर. B.

व्याख्या. एक भारतीय राजनयिक देवयानी खोबरागड़े पर भारत और अमरीका के बीच राजनयिक गतिरोध के लिए वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

27. राष्ट्रमंडल खेल 2014 कहां आयोजित हुए थे:
    A. ग्लासगो B. स्कॉटलैंड
    C. दुबई D. आयरलैंड

उत्तर. B.

व्याख्या. 20वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड में हुआ था।

- इसमें 71 देशों और प्रांतों के 6,500 एथलीटों ने 11 दिनों तक चले 17 खेलों में भाग लिया था।

28. एडमिरल डी.के. जोशी ने फरवरी, 2014 में किस पनडुब्बी में आग लगने के बाद नौसेना प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया?
    A. आईएनएस सिंधुरक्षक
    B. आईएनएस सिंधुरत्न
    C. आईएनएस सिंधुघोष
    D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. B.

व्याख्या. एडमिरल डी.के. जोशी ने फरवरी 2014 में आईएनएस सिंधुरत्न पनडुब्बी में आग लगने के बाद नौसेना प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया।
रूस की किलो श्रेणी पनडुब्बी में कोई हथियार या गोला-बारूद नहीं था।

29. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं:
    A. एन. चंद्रबाबू नायडू
    B. के. चंद्रशेखर राव
    C. के. रोसैया
    D. किरण कुमार रेड्डी

उतर. A.

व्याख्या. एन. चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।

- के. चंद्रशेखर राव तेलंगाना के मुख्यमंत्री हैं।
- के. रोसैया आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।
- किरण कुमार रेड्डी ने तेलंगाना के गठन से पहले आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था।

30. 16वीं लोकसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कौन सी है?
    A. तृणमूल कांग्रेस
    B. आईएनसी
    C. AIADMK
    D. बीजेडी

उत्तर. C.

व्याख्या. **AIADMK** या ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम 16वीं लोकसभा में 37 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। बीजेपी ने 267 सीटों के साथ पहला और कांग्रेस ने 44 सीटों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

31. भारत में शांतिकाल के दौरान सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन सा है?

A. अशोक चक्र

B. कीर्ति चक्र

C. परमवीर चक्र

D. शौर्य चक्र

उत्तर. A.

व्याख्या. **अशोक चक्र** भारत में शांतिकाल के समय सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। यह परमवीर चक्र के बराबर है। यह शत्रु के सामने असाधारण वीरता या आत्म-बलिदान के लिए प्रदान किया जाता है।

- **कीर्ति चक्र** एक भारतीय सैन्य अलंकरण है जो युद्ध के मैदान से दूर वीरता या आत्म-बलिदान के लिए प्रदान किया जाता है। यह नागरिकों और सैन्य कर्मियों को प्रदान किया जा सकता है।
- इसे मरणोपरांत भी प्रदान किया जाता है। यह महावीर चक्र के बराबर शांतिकाल पुरस्कार है। यह शांतिकाल वीरता पुरस्कारों के वरीयता क्रम में दूसरे स्थान पर है।
- **परमवीर चक्र**
- **शौर्य चक्र**

32. भारत में महिला सीट कहां आरक्षित नहीं है:

A. पंचायती राज निकाय

B. संसद

C. दोनों (i) और (ii)

D. ना तो (i) ना (ii)

उत्तर. D.

व्याख्या. भारत में संसद और पंचायती राज निकायों दोनों में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित हैं। संविधान (108वां संशोधन) विधेयक, 2008 लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है।

33. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध भाषाओं की संख्या है:

A. 18 B. 14

C. 22 D. 19

उत्तर. C.

व्याख्या. संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएं हैं:- (1) असमिया, (2) बंगाली, (3) गुजराती, (4) हिंदी, (5) कन्नड़, (6) कश्मीरी, (7) कोंकणी, (8) मलयालम, (9) मणिपुरी, (10) मराठी, (11) नेपाली, (12) उड़िया, (13) पंजाबी, (14) संस्कृत, (15) सिंधी, (16) तमिल, (17) तेलुगु, (18) उर्दू (19) बोडो, (20) संथाली, (21) मैथिली और (22) डोंगरी।

34. राज्य सभा सदस्यों का निर्वाचन किन के द्वारा होता है:

A. विधान परिषद के निर्वाचित सदस्यों

B. जनता

C. लोग सभा

D. विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों

उत्तर. D.

व्याख्या. राज्य सभा सदस्यों का निर्वाचन राज्यों की विधानसभा द्वारा होता है। राज्य सभा एक स्थाई सदन है। यह कभी भंग नहीं होती है लेकिन इसके एक तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं।

35. निम्नलिखित में से कौन सा एक मौलिक अधिकार नहीं है?

A. संपत्ति का अधिकार
B. शांतिपूर्वक सभा करने की स्वतंत्रता
C. पूरे देश में स्वतंत्रापूर्वक घूमने की स्वतंत्रता
D. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

उत्तर. A.

हल. संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है क्योंकि इसे 1978 के चालीसवें संशोधन के तहत मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था। हालांकि, एक नया प्रावधान, अनुच्छेद 300-A, यह सुनिश्चित करने के लिए सम्मिलित किया गया था कि "कोई भी व्यक्ति कानून द्वारा रक्षित उसकी संपत्ति से वंचित नहीं होगा"।

36. एक रासायनिक अभिक्रिया, जिसमें उत्पाद के साथ-साथ ऊष्मा प्राप्त होती है, कहलाती है:
A. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया
B. समतापीय अभिक्रिया
C. अल्पतापीय अभिक्रिया
D. ऊष्माशोषी अभिक्रिया

उत्तर. A.

व्याख्या. ऊष्माक्षेपी अभिक्रियाएं वे अभिक्रियाएं हैं जो वातावरण में ऊष्मा के रूप में ऊर्जा मुक्त करती हैं। उदाहरण के लिए सभी दहन अभिक्रियाएं।
ऊष्माशोषी अभिक्रियाएं वे अभिक्रियाएं हैं जिनमें ऊष्मा का अवशोषण होता है।

37. पाचन में सहायता के लिए मानव पेट द्वारा उत्पन्न किया जाने वाला अम्ल:
A. नाइट्रिक अम्ल
B. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
C. सल्फ्यूरिक अम्ल
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. B.

व्याख्या. HCl पेट की पार्श्विक या ऑक्सीनेटिक कोशिकाओं से मुक्त होता है जो पाचन में शामिल कुछ एंजाइमों को सक्रिय करने में मदद करता है जिससे पाचन में सहायता मिलती है।

38. टमाटर किस अम्ल का प्राकृतिक स्रोत है?
A. टार्टरिक अम्ल B. ऑक्सलिक अम्ल
C. एसिटिक अम्ल D. साइट्रिक अम्ल

उत्तर. B.

व्याख्या. टमाटर ऑक्सलिक अम्ल का एक प्राकृतिक स्रोत है। टमाटर में ऑक्सलिक अम्ल पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।.

39. कंप्यूटर आउटपुट डिवाइस में 'TFT' विजुअल डिस्प्ले यूनिट से संबंधित है। TFT का अर्थ है:
A. Thin Film Transistor
B. Thin Form Tablet
C. Thin Film Triode
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. A.

व्याख्या. TFT का अर्थ Thin Film Transistor होता है। इनका उपयोग लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले में किया जाता है। TFT तकनीक को एक्टिव-मैट्रिक्स डिस्प्ले के नाम से भी जाना जाता है और ये पहले उपयोग किए जाने वाले डिस्प्ले की तुलना में गुणवत्ता में उच्च हैं।

40. कार्बन का एक अपरूप जो विद्युत का चालक होता है:
A. हीरा B. ग्रेफाइट
C. लिग्नाइट D. कोयला

उत्तर. B.

व्याख्या. कार्बन की परतों के अंदर व्यापक इलेक्ट्रॉन अस्थानीकरण के कारण ग्रेफाइट विद्युत का संचालन करता है। इलेक्ट्रॉन मुक्त अवस्था में गति करते हैं और इस प्रकार विद्युत का संचालन करने में सक्षम होते हैं।

41. हृदय के प्रकोष्ठ जो हृदय से रक्त को विभिन्न अंगों तक स्पंदित करते हैं:

A. निलय B. धमिनी

C. शिरा D. तंत्रिकाएं

उत्तर. A.

व्याख्या. निलय हृदय के प्रकोष्ठ हैं जो आलिंद से रक्त प्राप्त करते हैं और आलिंद से निलय में रक्त भर जाने के बाद, इसे धमनियों में ले जाया जाता है और जिससे यह शरीर के विभिन्न अंगों में जाता है।

42. धातु के तार में प्रवाहित धारा और उसके सिरों के विभवांतर के बीच संबंध ज्ञात करने वाले वैज्ञानिक थे:

A. जॉर्ज साइमन ओह्म

B. माइकल फैराडे

C. एनरिको फर्मी

D. जी.आर. किरचॉफ

उत्तर. A.

व्याख्या. 1827 में, एक जर्मन भौतिक विज्ञानी जॉर्ज साइमन ओह्म ने धातु के तार में प्रवाहित धारा I और इसके सिरों के विभवांतर के बीच संबंध दिया।

उनके अनुसार, धातु के तार में बहने वाली विद्युत धारा, सिरों के विभवांतर V के अनुक्रमानुपाती होती है, इसका तापमान स्थिर रहता है। इसे ओम का नियम कहा जाता है।

V/I = नियतांक = R, या

V = IR, जहां R दिए गए ताप पर धातु के तार के लिए नियतांक है और इसे प्रतिरोध कहा जाता है।

43. निम्नलिखित में से कौन सा सामान की गुणवत्ता का मानक प्रमाण नहीं है?

A. एगमार्क B. हॉलमार्क

C. आईएसआई D. बीआईएस

उत्तर. D.

व्याख्या. **आईएसआई** एक प्रमाणन चिन्ह योजना है जो बीआईएस या भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित है। बीआईएस को पहले भारतीय मानक संस्थान के रूप में जाना जाता था। इसका उपयोग विभिन्न वस्तुओं जैसे सीमेंट, एलपीजी सिलेंडर, जल, चिकित्सा उपकरणों आदि के लिए किया जाता है। **एगमार्क** वह प्रमाणन है जो कृषि वस्तुओं के लिए किया जाता है। इनमें दालें, आवश्यक तेल, फल और सब्जियां आदि शामिल हैं।

प्रमाणन योजना के भाग के रूप में हॉलमार्क को भारत सरकार के आदेश पर बीआईएस ने शुरू किया था। इसकी प्रकृति स्वैच्छिक है। यह सोने और चांदी के आभूषणों पर पाया जाता है।

44. मानव नेत्र में लेंस की फोकस दूरी में परिवर्तन किसकी क्रिया से होता है:

A. पुतली B. रेटीना

C. रोमक पेशी D. आइरिस

उत्तर. C.

व्याख्या. मानव नेत्र में लेंस की फोकस दूरी में परिवर्तन रोमक पेशी की क्रिया के कारण होता है। ये मांसपेशियां मेखला को शिथिल और संकुचित करती हैं और

लेंस को फोकस के लिए आकार बदलने में सक्षम बनाती हैं।

45. वैद्युतचुंबकीय प्रेरण की घटना है:

A. एक निकाय को आवेशित करने की प्रक्रिया

B. एक कुंडली से प्रवाहित होने वाल धारा के कारण चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करने की प्रक्रिया

C. एक चुंबक और एक कुंडली के बीच सापेक्ष गति के कारण कुंडली में प्रेरित धारा उत्पन्न करना

D. एक वैद्युत मोटर की कुंडली के घूर्णन की प्रक्रिया

उत्तर. B.

व्याख्या. वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण वैद्युत चुंबकीय बल उत्पन्न करने की एक घटना है और इसलिए जब चालक या कुडंली से चुंबकीय फ्लक्स संयोजित होता है एक चालक या कुंडली में धारा बदलती है।

46. सितारों की गति की सहायता से मानव जीवन की भविष्यवाणी करने की कला कहलाती है:

A. एस्ट्रोनॉमी

B. एस्ट्रोलॉजी

C. एस्ट्रोनॉटिक्स

D. ऐरोनॉमी

उत्तर. B.

व्याख्या. सितारों की गति की सहायता से मानव जीवन की भविष्यवाणी करने की कला **एस्ट्रोलॉजी (ज्योतिष)** कहलाती है।

- **एस्ट्रोनॉमी** (खगोल विज्ञान) आकाशीय पिंडों जैसे सितारों, ग्रहों और आकाशगंगाओं और पृथ्वी के बाहर की अन्य घटनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन है।
- **ऐरोनॉमी** पृथ्वी या अन्य ग्रहों के वातावरण के ऊपरी वायुमंडलीय क्षेत्रों का वैज्ञानिक अध्ययन है। इसमें तापमान, घनत्व और अन्य रासायनिक घटकों का वितरण शामिल है।
- **एस्ट्रोनॉटिक्स** में अंतरिक्ष यात्रा और खोज की विज्ञान और प्रौद्योगिकी शामिल है।

47. निम्नलिखित का मिलान करें:

| | |
|---|---|
| I. फैदोमीटर | A. प्रति मिनट परिक्रमण |
| II. लैक्टोमीटर | B. सापेक्षिक आर्द्रता |
| III. हाइग्रोमीटर | C. दूध की शुद्धता |
| IV. टैकोमीटर | D. समुद्र की गहराई |

A. I-A, II-B, III-C. IV-D
B. I-D, II-C, III-B. IV-A
C. I-D, II-B, III-C. IV-A
D. I-A, II-C, III-D. IV-B

उत्तर. B.

व्याख्या. **फैदोमीटर** का उपयोग समुद्र की गहराई मापने में किया जाता है।

- **लैक्टोमीटर** का उपयोग दूध की शुद्धता मापने में किया जाता है।
- **हाइग्रोमीटर** का उपयोग आर्द्रता मापने में किया जाता है।
- **टैकोमीटर** एक मोटर या किसी मशीन में प्रति मिनट परिक्रमण मापने में किया जाता है।

48. चट्टान का एक टुकड़ा चंद्रमा से पृथ्वी पर लाया गया, तो इसका:

A. द्रव्यमान बदल जाएगा

B. द्रव्यमान और भार दोनों परिवर्तित हो जाएंगे

C. द्रव्यमान स्थिर रहेगा, भार परिवर्तित हो जाएगा

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. C.

व्याख्या. जब चट्टान का एक टुकड़ा चंद्रमा से पृथ्वी पर लाया जाता है, तो उसका द्रव्यमान स्थिर रहेगा जबकि उसका भार बदल जाएगा। चंद्रमा पर टुकड़े का भार पृथ्वी पर उसके भार का 1/6वां भाग हो जाता है।

49. शिशुओं को दिया जाने वाला ट्रिपल एंटीजन डीपीटी किससे प्रतिरक्षा प्रदान करता है:

A. काली खांसी

B. टाइफाइड

C. चेचक

D. पोलियो

उत्तर. A.

व्याख्या. शिशुओं को दिया जाने वाला ट्रिपल एंटीजन डीपीटी तीन बीमारियों से प्रतिरक्षा प्रदान करता है:

- डिप्थीरिया
- पर्टुसिस या काली खांसी
- टेटनेस

50. वायुमंडल में गैसों के मिश्रण में अधिकतम प्रतिशत मात्रा है:

A. ऑक्सीजन

B. नाइट्रोजन

C. कार्बन-डाई-ऑक्साइड

D. हीलियम

उत्तर. B.

व्याख्या. नाइट्रोजन वह गैस है जो वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है। वायु में 78% नाइट्रोजन, 21% ऑक्सीजन और 0.9% अक्रिय गैस आर्गन शामिल हैं।

51. रिकेट्स किसकी कमी के कारण होने वाली बीमारी है:

A. विटामिन A B. विटामिन B

C. विटामिन C D. विटामिन D

उत्तर. D.

व्याख्या.

- रिकेट्स विटामिन D, कैल्शियम, या फॉस्फेट की कमी से होने वाला रोग है।
- कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ निम्न खनिज आपूर्ति के कारण रिकेट्स विभिन्न अस्थि रोग उत्पन्न करता है।

52. प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री है:

A. वेलन्टीना व्लादिमीरोवाना टेरेशकोवा

B. कल्पना चावला

C. सैली राइड

D. क्लाउडी हेंगनेरे

उत्तर. A.

व्याख्या.

सोवियत **अंतरिक्ष-यात्री** वेलन्टीना व्लादिमीरोवाना टेरेशकोवा 16 जून, 1963 में वोस्तोक 6 मिशन पर अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम महिला बनीं।

53. कौन सी मीडिया स्टोरेज डिवाइस में यूजर द्वारा एक से अधिक बार डेटा/जानकारी स्टोर (लिखी) की जा सकती है?

A. CD-RW डिस्क B. CD-R डिस्क

C. ऑप्टिकल डिस्क D. जिप डिस्क

उत्तर. A.

व्याख्या.

- CD-RW का अर्थ है CD Rewritable.
- एक **CD-RW डिस्क** कॉम्पैक्ट डिस्क है जिसे कई बार मनमाने ढंग से लिखा और पढ़ा जा सकता है।
- CD-R का अर्थ है CD Recordable. CD-R डिस्क केवल एक बार लिखी जा सकती है।

54. Virus का अर्थ है:

A. Virtual Information Resource Under Seize

B. Very Important Resource Under Search

C. Very Important Record Under Search

D. Verify Interchange Result Until Source

उत्तर. A

व्याख्या.

- Virus का पूरा नाम **Vital Information Resource under Seize** है।
- एक **कंप्यूटर वायरस** एक प्रोग्राम या कोड है जो आपके कंप्यूटर में बिना आपके संज्ञान के लोड किया जाता है और यूजर की अनुमति के बिना कार्य करता है।
- **वायरस** में अपनी प्रतिकृति बनाने का गुण होता है।

55. भारतीय मुद्रा के 100 रुपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं:

A. गवर्नर, आरबीआई

B. सचिव, वित्त मंत्रालय

C. भारत के राष्ट्रपति

D. वित्त मंत्री

उत्तर. A.

व्याख्या.

- एक रुपये का नोट वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है और इस पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं जबकि अन्य पर आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।
- 100 रुपये का नोट 157 × 73 मिलीमीटर आयाम का नीले हरे रंग का नोट होता है जिस पर आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।

56. आतंकवाद के संदर्भ में, LeT का पूरा नाम है?

A. लाइट इमिटिंग ट्रायोड

B. लो इमीशन ट्राइएंगल

C. लश्कर-ए-तैयबा

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. C.

व्याख्या.

- **लश्कर-ए-तैयबा** दक्षिण एशिया में सबसे बड़े और सबसे सक्रिय इस्लामी आतंकवादी संगठनों में से एक है, जो मुख्य रूप से पाकिस्तान से संचालित होता है।
- इसकी स्थापना 1987 में अफगानिस्तान में हाफिज सईद, अब्दुल्ला आजम और जफर इकबाल ने की थी।

57. स्वर्गीय श्रीमती एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी ने किस क्षेत्र में ख्याति प्राप्त की:

A. गायन संगीत

B. कथक

C. भरतनाट्यम

D. वीणा

उत्तर. A.

व्याख्या.

- **मदुरई शान्मुखावैदिवू सुब्बुलक्ष्मी** तमिलनाडु के मदुरै की कर्नाटक गायिका थीं।
- वह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित पहली संगीतकार थीं।
- वह रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जीतने वाल पहली भारतीय संगीतकार हैं।

58. पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है:

A. पर्यावरण अध्ययन

B. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

C. अंतर्राष्ट्रीय समझ

D. साहित्य और पत्रकारिता

उत्तर. D.

व्याख्या. पुलित्जर पुरस्कार अमेरिका में साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है।

- इसकी स्थापना वर्ष 1917 में एक समाचार-पत्र प्रकाशक जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
- यह न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिट द्वारा प्रबंधित है।
- यह 21 श्रेणियों में दिया जाता है।

59. निम्नलिखित में से कौन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध "लाल-बाल-पाल" तिकड़ी का हिस्सा नहीं है?

A. लाला लाजपत राय

B. बिपिन चंद्र पाल

C. बाल गंगाधर तिलक

D. लाला बालेन्दु पाल

उत्तर. D.

व्याख्या.

- लाला बालेन्दु पाल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध "लाल-बाल-पाल" तिकड़ी का हिस्सा नहीं हैं।
- लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध "लाल-बाल-पाल" तिकड़ी का गठन किया, जिसने स्वदेशी आंदोलन का समर्थन किया।
- उन्होंने बंगाल में वर्ष 1905 में शुरू होने वाले विभाजन विरोधी आंदोलन के दौरान सभी आयातित वस्तुओं का बहिष्कार किया और वर्ष 1907 में भारत-निर्मित वस्तुओं का उपयोग किया।

60. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है:

A. पश्चिम बंगाल B. झारखंड

C. ओडिशा D. आंध्र प्रदेश

उत्तर. C.

व्याख्या.

हीराकुंड बांध ***महानदी*** पर बना हुआ है, जो भारत के ***ओडिशा*** राज्य के ***संभलपुर*** से 15 किमी (9.3 मील) दूर है।

EduBull.com


61. A, B और C बहनें हैं। D, E का भाई है. E, B की पुत्री है।. A, D से किस प्रकार संबंधित है?

A. बहन B. कजिन

C. नीस D. आंट

उत्तर. D.

हल.




62. “1984” (नाइन्टीन एट्टी फोर) के लेखक हैं:

A. जेन ऑस्टेन

B. इंदिरा गांधी

C. एरिक ऑर्थर बालेर या जॉर्ज ऑरवेल

D. जेम्स जॉयस

उत्तर. C.

व्याख्या. “1984” (नाइन्टीन एट्टी फोर) जॉर्ज ऑरवेल द्वारा लिखित एक डायस्टोपियन उपन्यास है।

- यह जून, 1949 में प्रकाशित हुआ।
- इस उपन्यास को फ्लोरिडा में प्रोकम्युनिज्म होने के कारण चुनौती दी गई थी।

63. किस नदी को छोड़कर भारत की सभी नदियां पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं:

A. गंगा B. कृष्णा

C. गोदावर D. नर्मदा

उत्तर. D.

व्याख्या.

- नर्मदा और ताप्ती को छोड़कर प्रायद्वीपीय पठार की सभी नदियां पूर्व की ओर बहती हैं।
- नर्मदा, जिसे रीवा भी कहा जाता है और पहले नेरबुद्दा के नाम से भी जाना जाता था, गोदावरी और कृष्णा के बाद मध्य भारत में एक नदी है।
- इसे "गुजरात और मध्य प्रदेश की जीवन रेखा" के रूप में भी जाना जाता है।
- नर्मदा नदी का उद्गम स्थल अमरकंटक है।

64. मरुस्थल मुख्य रूप से किस राज्य में स्थित हैं?

A. गुजरात B. पंजाब

C. राजस्थान D. हरियाणा

उत्तर. C.

व्याख्या. मरुस्थल अत्यधिक शुष्क क्षेत्र को दर्शाते हैं जहां केवल कुछ पौधे और जानवर ही जीवित रह पाते हैं।

- 60% से अधिक मरुस्थल *राजस्थान* और *गुजरात*, *पंजाब*, और हरियाणा क्षेत्रों में स्थित हैं।

65. किस राज्य के लोग ‘ओणम’ पर्व मनाते हैं?

A. कर्नाटक

B. आंध्र प्रदेश

C. केरल

D. तमिलनाडु

उत्तर. C.

व्याख्या.

- ओणम केरल में मनाया जाने वाला फसल पर्व है।

- यह पर्व नई फसलों के आने पर मनाया जाता है।
- यह पर्व मलयाली माह चिनगम (अगस्त - सितंबर) में मनाया जाता है।
- यह महान राजा महाबली की घर वापसी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें केरल में अब तक का सबसे महान राजा माना जाता है।

66. FDI का अर्थ है:

A. Fair Deal Institute
B. Foreign Diplomatic Institution
C. Foreign Direct Investment
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. C.

व्याख्या.

- FDI का अर्थ है Foreign direct investment.
- FDI किसी अन्य देश के निवेशक द्वारा किए गए व्यवसाय में निवेश है, जहां पर विदेशी निवेशक द्वारा खरीदी गई कंपनी पर नियंत्रण होता है।

67. सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी किस शहर में स्थित है?

A. अहमदाबाद
B. फैजाबाद
C. हैदराबाद
D. स्लेमानबाद

उत्तर. C.

व्याख्या.

- सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद शहर में स्थित है।
- यह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय संस्थान है।
- यह 15 सितंबर, 1948 को स्थापित किया गया था और इसका नाम उप-प्रधान मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखा गया था।

68. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कौन हैं?

A. वी.एन. राय
B. शशिकांत शर्मा
C. आर.के. सिंह
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. D.

व्याख्या.

- भारत के वर्तमान सीएजी राजीव महर्षि हैं, जिन्होंने 25 सितंबर, 2017 को पदभार ग्रहण किया। वह भारत के 13वें सीएजी हैं।
- सीएजी का उल्लेख भारतीय संविधान में अनुच्छेद 148 - 151 के तहत किया गया है।
- सीएजी भारत सरकार और राज्य सरकारों की सभी प्राप्तियों और व्यय का लेखा-जोखा करता है।

69. BND जर्मनी से किस प्रकार संबंधित है:

A. फुटबॉल
B. इंटेलीजेंस एजेंसी
C. राजनीतिक पार्टी
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. B.

व्याख्या. BND या फेडरल इंटेलीजेंस सर्विस जर्मनी की इंटेलीजेंस सर्विस है।

- इसका मुख्यालय सेंट्रल बर्लिन में स्थित है।
- यह दुनिया का सबसे बड़ा इंटेलीजेंस मुख्यालय है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1956 में शीत युद्ध के दौरान हुई थी।

70. एक बैडमिंटन कोर्ट की लंबाई-चौड़ाई क्या होती है?

A. 44 फीट × 23 फीट

B. 40 फीट × 22 फीट

C. 44 फीट × 22 फीट

D. 20 फीट × 44 फीट

उत्तर. D.

व्याख्या.

- एक बैडमिंटन कोर्ट की कुल लंबाई-चौड़ाई **20 फीट** × **44 फीट** होती है।
- नेट की ऊंचाई किनारों पर **1.55 मीटर** (**5 फीट 1 इंट**) और मध्य में 1.524 मीटर (5 फीट) होती है।

71. महाराणा प्रताप की सेना के 'हरावल दस्ता' सैन्य दल के नायक कौन थे?

A. हकीम सूर

B. इब्राहिम गार्दी

C. शक्ति सिंह

D. अमर सिंह राठौर

उत्तर. A.

व्याख्या. हकीम सूर महाराणा प्रताप की सेना के 'हरावल दस्ता' सैन्य दल के नायक थे।

- **हकीम खान सूरी** को हकीम खान सूर पठान के नाम से भी जाना जाता था।
- वर्ष 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

72. गेहूं एक फसल है:

A. खरीफ की फसल

B. रबी की फसल

C. पुरवाई फसल

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर. B.

व्याख्या.

| **फसल** | **मौसम** | **उदाहरण** |
|---|---|---|
| **रबी की फसल** | • सर्दियों में बोई जाती है।<br>• बसंत में काटी जाती है। | गेहूं, सरसों, जौ, तिल आदि |
| **खरीफ की फसल** | • मानसून के मौसम की शुरुआत में बोई जाती है।<br>• मानसून के अंत में काटी जाती है। | बाजरा, ज्वार, मक्का, सोयाबीन आदि |
| **जायद की फसल** | • ये फसलें सिंचित भूमि पर उगाई जाती हैं, जिनमें रबी और खरीफ की फसल के मौसम के बीच मुख्य रूप से मार्च से जून तक, | तरबूज, खीरा और करेला आदि। |

| | | |
|---|---|---|
| | कम अवधि में मानसून की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती है। | |

73. निम्नलिखित में से कौन से राष्ट्रपति एक प्रसिद्ध कानूनविद थे?
A. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
B. डॉ. एस. राधाकृष्णन
C. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
D. डॉ. वी.वी. गिर

उत्तर. D.

व्याख्या. डॉ. वी.वी. गिरी एक प्रख्यात कानूनविद राष्ट्रपति थे।

- वह भारत के उप-राष्ट्रपति और राज्य सभा के पदेन सभापति भी थे।
- वह एक कार्यवाहक राष्ट्रपति थे।
- वह 24-8-1969 से 23-8-1974 तक भारत के राष्ट्रपति भी रहे।
- उन्हें वर्ष 1975 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

74. कंगारू कहां पाया जाने वाला पशु है:
A. न्यूजीलैंड B. इंग्लैंड
C. ऑस्ट्रेलिया D. बेल्जियम

उत्तर. C.

व्याख्या. कंगारू एक शिशुधानी पशु है जो ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है।
कीवी न्यूजीलैंड का राष्ट्रीय पशु है।
शेर इंग्लैंड का राष्ट्रीय पशु है।
बेल्जिक शेर बेल्जियम का राष्ट्रीय पशु है।

75. "गेटवे ऑफ इंडिया" कहां स्थित है:
A. नई दिल्ल B. कोलकाता
C. मुंबई D. चेन्नई

उत्तर. C.

व्याख्या.

- **गेटवे ऑफ इंडिया** मुंबई शहर में स्थित है।
- इसका निर्माण **1924** में हुआ था।
- यह ब्रिटिश वास्तुकार, जॉर्ज विटेट द्वारा डिजाइन किया गया था।
- मुंबई बंदरगाह के ऊपर दिखने वाला यह स्मारक, कोलाबा जिले में अरब सागर से घिरा है।

76. शरद जोशी सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है:
A. समाज सेवा
B. कार्टून
C. व्यंग एवं निबंध
D. मजदूर संघ गतिविधि

उत्तर. C.

व्याख्या. शरद जोशी सम्मान व्यंग और निबंध के लिए दिया जाता है। यह निबंध और व्यंग में उल्लेखनीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। यह मध्य प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। इसकी शुरुआत 1992-93 में हुई थी।

77. निम्नलिखित में से कौन सा मैलवेयर नहीं है?
A. स्टक्सनेट B. इनसेक्ट
C. वायरस D. ट्रोजन

उत्तर. B.

व्याख्या. मैलवेयर, जिसे मैलेसियस सॉफ्टवेयर के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रोग्राम या फाइल है जो कंप्यूटर के लिए हानिकारक है। वायरस, वॉर्म, स्टक्सनेट,

ट्रोजन और बॉट्स मैलवेयर नामक सॉफ्टवेयर के एक वर्ग से संबंधित हैं।

78. एक ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग सर्विस, जो 144 कैरेक्टर (वर्ण) के टेक्स्ट मैसेज भेजने के लिए प्रयोग की जाती है:

A. ट्विटर B. फेसबुक
C. वाट्सएप्प D. इंस्टाग्राम

उत्तर. A.

व्याख्या. ट्विटर एक ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग सर्विस है, जिसका उपयोग 144 कैरेक्टर (वर्ण) के टेक्स्ट मैसेज भेजने में किया जाता है।

79. भारत के राष्ट्रगान "जन गण मन" की रचना किसने की थी:

A. रवींद्रनाथ टैगोर
B. बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
C. सरोजनी नायडू
D. शरत चंद्र चटर्जी

उत्तर. A.

व्याख्या. जन-गण-मन की रचना रवींद्र नाथ टैगोर ने की थी और इसे 24 जनवरी, 1950 में अपनाया गया। यह मूल रूप से बंगाली में भारोतो भाग्यो बिधाता के रूप में लिखा गया था।

80. टीपू सुल्तान को अन्य किस नाम से जाना जाता था:

A. मैसूर का बाघ
B. विजयनगर का शेर
C. मैसूर का शेर
D. कर्नाटक का शेर

उत्तर. C.

व्याख्या. टीपू सुल्तान (20 नवंबर 1750 - 4 मई 1799) को मैसूर के शेर के रूप में जाना जाता था।

- वह वर्ष 1782 से 1799 तक मैसूर साम्राज्य के शासक थे।
- उनकी राजधानी पर 4 मई, 1799 को अंग्रेजों ने आक्रमण कर दिया था और टीपू अपने सैनिकों का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

81. The word 'spurious' means:

A. Genuine B. Authentic
C. Substantial D. Fake

Ans. D.

Sol. 'Genuine', 'Authentic' and 'Substantial' are synonyms of each other. They all mean real or significant. 'Spurious' means fake or not real.

82. Which of the following is closest to the meaning of 'nebulous'?

A. Confused B. Vague
C. indecent D. Glowing

Ans. B.

Sol. Nebulous means indistinct or unclear. Hence, the word closest to it is 'vague' which also means cloudy or hazy.

83. What is the opposite of 'wrong headed'?

A. Silly B. Sane
C. Insane D. Insensible

Ans. B.

Sol. 'Wrong-headed' means obstinate or foolishly stubborn. Hence, the term opposite to it is 'sane' means reasonable or sensible.

84. If you have roses growing in your garden, you can make a lovely ________ of flowers at home.

A. Bouquette B. Bucquete
C. Bouquete D. Bouquet

Ans. D.

Sol. 'Bouquet' means an arrangement of flowers or an attractively arranged bunch of flowers.

85. In times of crisis, people usually think _______God.

A. of B. about
C. with D. over

Ans. A.

Sol. 'of' is used after some verbs before mentioning somebody/something involved in the action.

86. I sat ________ the table to eat.
A. on B. in
C. at D. by

Ans. C.

Sol. 'Sit at the table' means to sit for eating or for dining purpose.

87. Are you taller than Shobha? No, but I am ________.
A. Taller B. Tallest
C. Almost as tall D. As taller

Ans. C.

Sol. Here to show equality we will use 'almost as tall'.

88. She went to office ________six months.
A. For B. Since
C. Until D. Till

Ans. A.

Sol. 'For' is used to specify a period of time.
'Since' is used to specify a point of time.
'Until' means up to the time.
'Till' is used to denote time but more commonly used in an informal style.

89. Shalu got injured as she was ________ by a car.
A. Knocked at
B. Pushed down
C. Knocked down
D. Pulled down

Ans. C.

Sol. 'Knocked down' means to hit by car and fall to the ground.
Pushed down means to force someone or something downward.
Pulled down means to bring to a lower level.
Knocked at means to tap or bang on something.

90. Choose the correct spelling:
A. Asumption B. Assumption
C. Assamption D. Ajumption

Ans. B.

Sol. 'Assumption' means something that you accept as true without question or proof.

91. A group of goats is known as:
A. Herd B. Heard
C. Hard D. Hoard

Ans. A.

Sol. 'Herd' means a large group of animals that live together or are kept together as livestock.
'Heard' means be informed of .
'Hard' means difficult.
'Hoard' means to accumulate and store away.

92. Mahatma Gandhi's martyrdom day is ______ on January 30.
A. Celebrated
B. Commiserated
C. Commemorated
D. Observed

Ans. D.

Sol. 'Commiserate' means to sympathize.
'Commemorated' means to remember officially and give respect to a great person or event, especially by a public ceremony.
'Observed' means to notice or perceive something as it is significant.
'Celebrated' means greatly admired or renowned.

93. She can speak both English and her mother tongue ________;
A. Fluidly B. Fluently
C. Fervently D. Frequently

Ans. B.

Sol. Fluently means an ability to express oneself easily and articulately.

Fluidly means in a way that flows easily.
Fervently means enthusiastically or passionately.
Frequently means regularly or habitually.
Hence, of all the adverbs only fluently fits in the context of the sentence.

94. A good teacher ________students to achieve good results.
A. Emulates B. Mobilises
C. Motivates D. Improvises
Ans. C.
Sol. Emulates means to imitate someone.
Mobilises means make something movable or capable of movement
Motivates means to incite someone or drive someone to do something.
Improvises means create and perform spontaneously or without preparation.
Hence, of all the choices only motivates fits in the context of the sentence.

95. The fireworks display was so bright that it _______ the entire sky.
A. Illuminated B. Decorated
C. Polluted D. Coloured
Ans. A.
Sol. Illuminated is the correct verb that fits in the context of the sentence. It means to light up. Here it is used to show
that the fireworks lit up the entire sky. Other options fails to fit in the context of the sentence.

96. The ______ person kept asking questions about everything.
A. Imperceptible B. Inquisitive
C. Imprudent D. Inquisition
Ans. B.
Sol. 'Inquisitive' is an adjective that describes the quality of being curious about everything or having an interest in learning things. Here the latter part of the sentence provides us with a hint that the person is curious about everything. Therefore, to denote such a quality we will use an adjective 'inquisitive' before noun 'person'.
Imperceptible means undetectable.
Imprudent means unwise.
Inquisition is a noun which means interrogation.

97. The teacher did not believe the student's excuse that the dog ate his homework. She accused the student of ___________.
A. Explanation
B. Fabrication
C. Rationalisation
D. Ambivalence
Ans. B.
Sol. Fabrication means a lie which fits in the context of the sentence.
Ambivalence means a state of having mixed feelings or doubt.
Rationalisation means organizing something into a logically coherent system.
Explanation means reason.

98. Choose the wrongly spelt word:
A. Reverence B. Defference
C. Reference D. Difference
Ans. B.
Sol. Reverence means deep respect for something.
Difference means variation.
Reference means use of a source of information in order to ascertain something.

Deference means polite submission or respect.

99. You must try to be _________ for the appointment.

A. On time B. At time
C. Over time D. Before time

Ans. A.

Sol. ‘On time’ is a phrase of time which means well timed or things done as per schedule.

100. The children ___________ in the evening but now they are studying.

A. Played
B. Were playing
C. Are playing
D. Have been playing

Ans. B.

Sol. Past continuous tense is used to describe the background in a story written in the past tense. To show the action that was continuous in past we will use ‘were playing’.

EduBull.com